सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-7	विषय: बाल महाभारत	पाठ:2

प्र०-१ आपने नवजात शिशुओं को गंगा नदी में क्यों बहा देती ?

उत्तर अपने नवजात शिशुओं को गंगा नदी में इसलिए बहा देती क्योंकि वास्तव में उनके पुत्र वसु नामक देवगण थे । वशिष्ठ के श्राप को पूर्ण करने के लिए उनका पृथ्वी पर जन्म लेना आवश्यक था । उन्हें शापमुक्त करने के लिए ही गंगा ने इस संसार में आकर राजा शांतनु से विवाह किया और उन्हें जन्म दिया। वसु स्वर्ग जाना चाहते थे । अतः जैसे ही उन्होंने जन्म लिया देवी गंगा ने उन्हें नदी में प्रवाहित कर दिया।

प्रश्न2 . राजा शांतनु के कितने पुत्र हुए और अंतिम पुत्र को गंगा साथ क्यों ले गई ?

उत्तर- राजा शांतनु के आठ पुत्र हुए और अंतिम पुत्र को गंगा साथ इसलिए ले गई क्योंकि ऋषि वशिष्ठ के कथन के अनुसार यह महा उत्पाती वासु है ।

प्रश्न3. राजा शांतनु को छोड़कर देवी गंगा क्यों चली गई ?

उत्तर राजा शांतनु को छोड़कर देवी गंगा इसलिए चली गई क्योंकि राजा शांतनु ने गंगा को यह वचन दिया था कि वह कभी अपनी पत्नी से कोई प्रश्न नहीं पूछेंगे। सात संतानों के बाद आठवीं संतान को देवी गंगा नदी की ओर ले जाने लगी तो शांतनु की धैर्य की सीमा टूट गई और उन्होंने देवी गंगा से अपने पुत्रों को नदी में बहाने का कारण पूछ लिया इस तरह राजा का वचन भंग हो गया और गंगा राजा शांतनु को छोड़कर चली गई

प्रश्न4. वासुओं को श्राप किसने और क्यों दिया ? वासुओं को क्या श्राप मिला था?

उत्तर- वशिष्ठ ने अष्ट वसुओं के उत्पात से क्रोधित होकर उन्हें मृत्युलोक में मनुष्य योनि लेने का श्राप दिया।